आइआइएम व जेइपीसी के बीच एमओयू

रांची. आइआइएम रांची ने झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेइपीसी) के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया है. इसके तहत झारखंड में 405 मॉडल स्कूल स्थापित करने में राज्य सरकार का सहयोग किया जायेगा. यह समझौता अगले तीन साल के लिए है. आइआइएम रांची मॉडल स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षण देगा. प्रथम चरण में 80 मॉडल स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षण मिलेगा. मौके पर आइआइएम के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव, जेइपीसी की परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, अभिनव कुमार, आइआइएम के प्रो आदित्य शंकर मिश्रा, प्रो साक्षी, प्रोफेसर अंकुर झा व प्रो रोजर्स उपस्थित थे.

Prabhat Khabar_30.09.2022_Pg. 02.